मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/एम.आई.एस./वेबसाईट/2018–19/1086 भोपाल दिनांक 08 मार्च 2019

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–मण्डी कर्मियों को नव विकसित वेबसाईट में जानकारी दर्ज/प्रविष्टि करने संबंधी कार्य का प्रशिक्षण दिलाये जाने संबंधी।

–0–

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट www.mpmandiboard.co.in को Madhya Pradesh Agriculture Marketing activites at a Glance की तर्ज पर एक पोर्टल के रुप में विकसित किया जा रहा है। इसे सशक्त एवं किसान उपयोगी बनाने के लिये प्रथमतः मण्डी प्रोफाईल एवं प्रदेश की मण्डी समितियों में दैनिक विक्रय के लिये आने वाली प्रत्येक जिन्स की दैनिक आवक, भाव (न्यूनतम भाव, उच्चतम भाव, मॉडल भाव), मासिक आवक तथा अन्य जानकारियॉ सीधे मण्डी स्तर से दर्ज की जाने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रुप से समझने, कार्य को प्रगति देने तथा पर्यवेक्षण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश की 257 मण्डी समितियों के प्रति मण्डी 01 कर्मचारी के मान से एवं प्रति आंचलिक कार्यालय 02 कर्मचारियों के लिये निम्नानुसार एक दिवसीय ऑन जॉब प्रशिक्षण (on job training) कार्यक्रम का आयोजन चरणबद्ध तरीके से मण्डी बोर्ड के आंचलिक कार्यालयों में निर्धारित किया गया है :–

| | |
|---|---|
| 1 | प्रशिक्षण दिनांक 14 मार्च 2019 – इंदौर संभाग की समस्त 32 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |
| 2 | प्रशिक्षण दिनांक 15 मार्च 2019 – उज्जैन संभाग की समस्त 42 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |
| 3 | प्रशिक्षण दिनांक 18 मार्च 2019 – ग्वालियर संभाग की समस्त 45 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |
| 4 | प्रशिक्षण दिनांक 23 मार्च 2019 – भोपाल संभाग की समस्त 49 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |
| 5 | प्रशिक्षण दिनांक 26 मार्च 2019 – सागर संभाग की समस्त 36 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |

Sandeep

| | | |
|---|---|---|
| 6 | प्रशिक्षण दिनांक 29 मार्च 2019 – | रीवा संभाग की समस्त 18 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |
| 7 | प्रशिक्षण दिनांक 30 मार्च 2019 – | जबलपुर संभाग की समस्त 35 मण्डियॉ<br>(प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से)<br>(प्रति अंचल कार्यालय दो कर्मचारी के मान से) |

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मण्डी बोर्ड की और से श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर एवं क्रिस्प संस्था के श्री विपिन शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं श्री आसिफ खान, सीनियर साफ्टवेयर इंजीनियर विशेष रुप से कार्य का प्रशिक्षण देने के लिये उपस्थित रहेगें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक आंचलिक कार्यालय में प्रातः 10.00 बजे से आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथमतः मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट एवं जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में पॉवर पाईंट प्रस्तुति दी जावेगी इसके उपरांत मण्डी के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा अपनी मण्डी के User name एवं Password की मदद से मण्डी की उपरोक्त जानकारियॉ सीधे मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर दर्ज की जावेगी एवं यह कार्य निरंतर रहेगा तथा इसे अद्यतन रखने के लिये मण्डी सचिव दायित्वपूर्ण होंगे।

अतः मण्डी के चिन्हांकित प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में शामिल होने के पूर्व मण्डी बोर्ड की नवविकसित वेबसाईट पर मण्डी प्रोफाईल एवं मण्डी में आवक होने वाली समस्त अधिसूचित जिन्सों की दैनिक आवक (निर्धारित प्रशिक्षण दिनांक के एक दिवस पूर्व की) एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम, मॉडल) तथा मासिक आवक माह फरवरी 2019 के दर्शाये गये निर्धारित प्रपत्रों का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं अध्ययन के उपरांत अपनी मण्डी की पूर्ण जानकारी साथ में लेकर अनिवार्य रुप से आवेगें ताकि प्रविष्टी का कार्य प्रशिक्षण स्थल पर ही पूर्ण कराया जा सके।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये आंचलिक संयुक्त संचालक/उप संचालक के द्वारा ऐसे स्थल का चयन किया जावेगा जिसमें अंचल की मण्डियों से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिये पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं उपयुक्त गति की इंटरनेट सुविधा उपलब्ध रहे साथ ही पॉवर पाईंट प्रस्तुति के लिये आवश्यक व्यवस्था मय एल0सी0डी0 प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन के पूर्ण कर रखेंगे।

अतः अंचल की मण्डी समितियों के सचिव को निर्देश देकर प्रति मण्डी एक कर्मचारी के मान से उनकी उपस्थिति निर्धारित तिथि अनुसार अनिवार्य रुप से आंचलिक कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर सुनिश्चित की जाये एवं जो मण्डी सचिव इस कार्य में लापरवाही बरतते हैं एवं जो चिन्हांकित मण्डी कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा कर प्रस्ताव मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल को अविलम्ब भेजा जाये।

8/3

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/एम.आई.एस./वेबसाईट/2018–19/1087 भोपाल दिनांक 08 मार्च 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) श्री मुकेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल :– कृपया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्धारित तिथि अनुसार आपकी संस्था के श्री विपिन शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं श्री आसिफ खान, सीनियर साफ्टवेयर इंजीनियर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का अनुरोध है। ।

(02) अपर संचालक (समस्त)/प्रमुख अभियंता/अधीक्षण यंत्री/संयुक्त संचालक (समस्त) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(03) अपर संचालक (प्रशिक्षण), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) श्री कुलदीप सिंह चौहान, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल :–

(05) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(06) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .............................. जिला ................................. (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर जानकारी दर्ज करने के कार्य में लगे मण्डी कर्मी की उपस्थिति User name एवं Password तथा दर्ज की जाने वाली अद्यतन जानकारियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें एवं उन्हें पूर्ण तैयारी के साथ आने के निर्देश देवें।

8/3

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल